नव भारत
राष्ट्रहित का प्रहरी 1934 से
भोपाल 70वां वर्ष संस्करण


4 पाक के गले की हड्डी बने उसके अपने भस्मासुर


5 संगठन, सेवा और राष्ट्रभावना के जीवंत प्रतीक


8 भारत को मिला अंडर-23 विश्व कुश्ती में स्वर्ण पदक


9 भारत में पहली बार एसजे-100 यात्री विमान

# सभी भर्तियों के लिए एक परीक्षा

## अलग- अलग परीक्षा की पीड़ा से युवाओं को मिलेगी मुक्ति

### सीएम डॉ. मोहन यादव ने की बड़ी घोषणा



**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 28 अक्टूबर. प्रदेश में अब तक अलग- अलग सरकारी भर्तियों के लिये परीक्षा भी अलग- अलग होती है. परीक्षा से पहले पढ़े- लिखे योग्य उम्मीदवारों से परीक्षा शुल्क के नाम पर करोड़ों रुपये जमा भी कराये जाते हैं, लेकिन अब इस तरह के चलन और पीड़ा से प्रदेश के युवाओं को जल्द ही मुक्ति मिलने वाली है.**

अब प्रदेश में सभी तरह की भर्तियों के लिये एक ही परीक्षा कराई जाएगी. ये ठीक यूपीएससी पैटर्न पर होगा, इससे अब अलग-अलग पदों को भरने के लिए कई परीक्षाएं नहीं कराना पड़ेगा. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंगलवार को इस संबंध में बड़ी घोषणा की है. यह घोषणा मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने राज्य कर्मचारी संघ द्वारा मंत्रालय स्थित सरदार वल्लभ भाई पटेल पार्क में आयोजित दीपावली मिलन समारोह को संबोधित करते हुए की. इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में रोजगार के लिये अलग- अलग परीक्षाएं होती है, इसमें समय लगता है, जिस कारण युवाओं को रोजगार मिलने में देरी होती है. इसलिये हमने तय किया है कि यूपीएसपी की तर्ज पर एक ही परीक्षा कराएंगे.

मुख्यमंत्री ने कहा है कि सरकार की सफलता कर्मचारियों के सहयोग के बिना संभव नहीं है. प्रदेश के विकास में अधिकारियों-कर्मचारियों की भूमिका सर्वाधिक महत्वपूर्ण है. शासकीय कर्मचारियों के चेहरे की खुशी ही हमारे विकास का आधार है. कर्मचारी प्रदेश के सच्चे कर्मयोगी हैं जो प्रत्येक जनकल्याणकारी योजना को जमीन पर उतारने में अहम भूमिका निभाते हैं. राज्य सरकार कर्मचारियों के हितों के लिए हर कदम पर साथ खड़ी है. कर्मचारियों के कल्याण के कार्यों के लिए राज्य सरकार सदैव तत्पर है. राज्य शासन ने 1 जनवरी 2005 को या उसके बाद नियुक्त कर्मचारियों के लिए एकीकृत पेंशन योजना लागू करने के लिए समिति गठित करने का निर्णय लिया है, इससे पेंशन की विसंगतियों को दूर करने में मदद मिलेगी. राज्य सरकार सभी वर्गों का समान रूप से ध्यान रख रही है.

**कर्मचारियों के हित में जल्द ही निर्णय लेगी राज्य सरकार**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार ने केंद्रीय कर्मचारियों के समान राज्य कर्मचारियों को भी 55 प्रतिशत महंगाई भत्ते का लाभ दिया है और एरियर का भुगतान भी 5 समान किस्तों में जून से अक्टूबर 2025 तक कर्मचारियों को किया जा चुका है. जल्द ही राज्य सरकार के दो साल पूरे होने जा रहे हैं कर्मचारियों के हित में हर संभव निर्णय लिए जाएंगे. अब तक कर्मचारियों को स्मार्ट सिटी परियोजना के 366 आवास आवंटित किए जा चुके हैं. नए 300 से अधिक आवास भी बनकर तैयार हैं जल्द ही इन्हें सिंगल क्लिक के माध्यम से अधिकारियों-कर्मचारियों को आवंटित किया जाएगा.

# ब्लू इकोनॉमी की रणनीतियों पर विचार

**मुंबई में मेरिटाइम लीडर्स कॉन्क्लेव को संबोधित करेंगे**


**भारत को विश्व के अग्रणी समुद्री देशों में स्थान दिलाना**

**मुंबई, 28 अक्टूबर (वार्ता) प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इंडिया मेरिटाइम वीक 2025 के तहत बुधवार को मेरिटाइम लीडर्स कॉन्क्लेव को संबोधित करेंगे और ग्लोबल मेरिटाइम सीईओ फोरम की अध्यक्षता करेंगे.**

विदित हो कि ग्लोबल मेरिटाइम सीईओ फोरम, इंडिया मेरिटाइम वीक 2025 का प्रमुख आयोजन है. इसमें विश्वभर के प्रमुख शिपिंग कंपनियों के सीईओ, निवेशक, नीति-निर्माता, नवप्रवर्तक और अंतरराष्ट्रीय साझेदार भाग ले रहे हैं. इस मंच पर समुद्री क्षेत्र के सतत विकास, हरित शिपिंग, लचीली आपूर्ति श्रृंखलाओं और समावेशी ब्लू इकोनॉमी की रणनीतियों पर विचार-विमर्श होगा.

प्रधानमंत्री की भागीदारी भारत के समुद्री क्षेत्र में दीर्घकालिक और महत्वाकांक्षी परिवर्तन के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाती है. यह दृष्टिकोण मेरिटाइम अमृत काल विजन 2047 के अनुरूप है, जो चार स्तंभों यथा पोर्ट-आधारित विकास, शिपिंग व शिपबिल्डिंग, निर्बाध लॉजिस्टिक्स और समुद्री कौशल निर्माण पर आधारित है. इसका उद्देश्य भारत को विश्व के अग्रणी समुद्री देशों में स्थान दिलाना है. इंडिया मेरिटाइम वीक 2025, जो 27 से 31 अक्टूबर तक यूनाइटिंग ओशन्स, वन मेरिटाइम विजन थीम के तहत आयोजित किया जा रहा है.

### छठ पूजा के समापन पर पीएम ने दी हार्दिक शुभकामनाएं



**नई दिल्ली, 28 अक्टूबर (वार्ता)** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सूर्य देव के सम्मान में मनाए जाने वाले चार दिवसीय पर्व छठ पूजा के पावन समापन पर देशवासियों को हार्दिक बधाई दी. उन्होंने अपने 'एक्स हैंडल' पर एक पोस्ट में लिखा आज, भगवान सूर्य देव को प्रात:कालीन अर्घ्य अर्पित करने के साथ ही छठ के महापर्व का पावन समापन हो गया. पर्व के गहन महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस चार दिवसीय अनुष्ठान ने सभी को छठ पूजा की हमारी महान परंपरा की दिव्य झलक देखने का अवसर प्रदान किया. प्रधानमंत्री ने प्रतिभागियों, विशेष रूप से कठिन व्रत रखने वाले श्रद्धालुओं के प्रति अपना सम्मान व्यक्त करते हुए कहा, मैं व्रत रखने वाले श्रद्धालुओं को सादर नमन करता हूं. सभी प्रतिभागियों को आशीर्वाद देते हुए, इसी के साथ कामना की कि छठी मैया की असीम कृपा उनके जीवन को प्रकाशित करे और उनके परिवारों में सुख, समृद्धि और कल्याण लाए.

# पाक सेना ने सीमा पर तोड़ा सीजफायर

- लीपा वैली में भारतीय चौकियों पर गोलीबारी
- छोटे हथियारों से गोलीबारी और मोटार्र दागे



**नई दिल्ली, 28 अक्टूबर. पाकिस्तानी सेना ने 26 और 27 अक्टूबर की दरमियानी रात को नियंत्रण रेखा पर सीजफायर का उल्लंघन किया. पाकिस्तानी सेना ने जम्मू-कश्मीर के लीपा घाटी में भारतीय सेना की चौकियों पर छोटे हथियारों से गोलीबारी और मोटार्र दागे.**

सूत्रों के मुताबिक, पाकिस्तानी सेना की तरफ से की गई अकारण गोलीबारी के जवाब में भारतीय सेना ने भी उचित जवाबी कार्रवाई की. बता दें सीजफायर के उल्लंघन की यह घटना लीपा वैली के इलाके में हुई. पाकिस्तानी सेना ने रात के अंधेरे का फायदा उठाते हुए भारतीय सेना की चौकियों को निशाना बनाया था.

पिछले दिनों पाकिस्तान ने घबराहट में अपने सेंट्रल और दक्षिणी एयरस्पेस में कई एयर ट्रैफिक रूट्स पर रोक लगाने का नोटिफिकेशन जारी किया है. ठीक उसी वक्त जब भारत बॉर्डर पर ट्राई-सर्विसेज एक्सरसाइज, त्रिशूल, की तैयारी कर रहा है. हालांकि पाकिस्तान ने 28-29 अक्टूबर के लिए इस नोटम (एयरमैन को नोटिस) का कोई कारण नहीं बताया है, लेकिन एनालिस्ट्स का कहना है कि यह किसी मिलिट्री एक्सरसाइज या संभावित हथियारों के टेस्ट से जुड़ा हो सकता है. इस्लामाबाद का यह कदम तब आया है, जब भारत ने 30 अक्टूबर से 10 नवंबर तक पाकिस्तान बॉर्डर के पास सर क्रीक के पास एक बड़े पैमाने पर ट्राई-सर्विसेज मिलिट्री एक्सरसाइज के लिए एक नोटम जारी किया था.

# हाईटेंशन लाइन से बस जलने से 3 की मौत

- पीलीभीत से जयपुर जा रही थी बस
- बस में सिलेंडर लदे होने के कारण हुआ हादसा



**पीलीभीत, 28 अक्टूबर. उत्तर प्रदेश के पीलीभीत से जयपुर जा रही एक बस हाईटेंशन लाइन से टकराने के बाद आग की चपेट में आ गई, जिसमें तीन लोगों की मौत हो गई. वहीं, दस मजदूर झुलस गए. यह हादसा जयपुर शहर से 50 किलोमीटर दूर मनोहरपुर इलाके में हुआ, जब बस ईंट भट्टे पर मजदूरों को ले जा रही थी. बस में सिलेंडर लदे होने के कारण आग लगने के बाद एक सिलेंडर में विस्फोट भी हुआ.**

जानकारी के मुताबिक, हादसा जयपुर शहर से 50 किलोमीटर दूर मनोहरपुर इलाके में हुआ. मरने वालों में पीलीभीत के रहने वाले नसीम (50) पुत्र अली हुसैन और सहीनम (20) पुत्री नसीम शामिल हैं. एक अन्य मृतक की पहचान अभी नहीं हो पाई है. बस में आग लगने के बाद स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और फंसे हुए लोगों को बाहर निकालने का प्रयास किया. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, आग लगने के बाद कई धमाके भी हुए, जिनका कारण सिलेंडर फटना बताया जा रहा है. बस में पांच से ज्यादा सिलेंडर मौजूद थे.

**आईजीआई एयरपोर्ट के टर्मिनल 3 पर खड़ी बस में लगी आग**

**नई दिल्ली.** दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के टर्मिनल 3 पर मंगलवार दोपहर एक बस में आग लगने की घटना से हड़कंप मच गया. जानकारी के अनुसार, यह आग एयर इंडिया की एक बस में दोपहर करीब 1.00 बजे के आसपास लगी. घटना की सूचना मिलते ही आईजीआई एयरपोर्ट पुलिस, दमकल विभाग, सीआईएसएफ और अन्य सुरक्षा एजेंसियों की टीमें तुरंत मौके पर पहुंच गईं और स्थिति पर नियंत्रण पाया.

# राष्ट्रपति मुर्मु राफेल लड़ाकू विमान में आज अंबाला से भरेंगी उड़ान



**नई दिल्ली, 28 अक्टूबर (वार्ता) तीनों सेनाओं की सर्वोच्च कमांडर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु बुधवार को भारतीय वायु सेना के अत्याधुनिक लड़ाकू विमान राफेल में उड़ान भरेंगी. राष्ट्रपति सचिवालय ने मंगलवार को बताया कि राष्ट्रपति मुर्मु बुधवार को हरियाणा जाएंगी और वहां अंबाला वायु सेना स्टेशन से राफेल लड़ाकू विमान में उड़ान भरेंगी.**

सूत्रों के अनुसार राष्ट्रपति के सुबह अंबाला वायु सेना स्टेशन पहुंचने पर उन्हें सम्मान स्वरूप गार्ड आफ ऑनर दिया जाएगा. इसके बाद राफेल विमान के बारे में भी जानकारी दी जाएगी. बता दें कि राष्ट्रपति मुर्मु ने दो वर्ष पहले 8 अप्रैल 2023 को वायु सेना के तेजपुर हवाई बेस से सुखोई 30 एमकेआई लड़ाकू विमान में उड़ान भरी थी.

## प्रशांत किशोर को निर्वाची पदाधिकारी ने भेजा नोटिस

**पटना, 28 अक्टूबर (वार्ता)** बिहार के करगहर विधानसभा क्षेत्र के निर्वाची पदाधिकारी की ओर से जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर को दो राज्यों की मतदाता सूची में नाम दर्ज रहने की वजह से मंगलवार को नोटिस जारी किया है. किशोर से यह स्पष्ट करने को कहा गया है कि उनका नाम दो अलग-अलग राज्यों बिहार और पश्चिम बंगाल की मतदाता सूचियों में क्यों दर्ज है. निर्वाची पदाधिकारी की ओर से जारी पत्र में कहा गया है कि प्रशांत किशोर का नाम पश्चिम बंगाल के भवानीपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत मतदान केंद्र- संत हेलेन स्कूल, बी. रानीशंकरी लेन में दर्ज है.

# महागठबंधन के घोषणा-पत्र में 25 बड़े वादे



**महागठबंधन ने घोषणा पत्र किया जारी**

**घोषणा पत्र में किए 25 वादें**

**पटना, 28 अक्टूबर. बिहार चुनाव 2025 के लिए महागठबंधन ने मगंलवार को अपना घोषणा पत्र जारी किया. महागठबंधन के इस घोषणा पत्र को 'तेजस्वी प्रण' नाम दिया गया है. पटना के एक होटल में महागठबंधन के सभी सहयोगी दलों की साझा प्रेस कॉन्फ्रेंस में घोषणा पत्र का ऐलान हुआ. इस दौरान महागठबंधन के सभी घटक दलों के नेता मौजूद रहे.**

इस घोषणा पत्र में 25 अहम वादे किए गए हैं, जिसमें सरकारी नौकरी, पेंशन, 200 यूनिट फ्री बिजली जैसी तमाम घोषणाएं हैं.

इस मौके पर महागठबंधन के सीएम फेस तेजस्वी यादव ने कहा कि हम लोगों ने हमेशा बिहार की जनता के सामने अपनी बातें रखी है. उन्होंने कहा कि ये दलों और दिलों का संकल्प और प्रण है. एक-एक घोषणा दिल से लिया गया प्रण है. इन संकल्पों को पूरा करने के लिए अपने प्राण भी झोंक देंगे.

**कल आएगा एनडीए का घोषणा पत्र**

एनडीए ने बिहार विधानसभा चुनाव के लिए अपना घोषणा पत्र जारी करने का ऐलान कर दिया है. एनडीए 30 अक्टूबर, गुरुवार को अपना घोषणा-पत्र जारी करेगा.

इंडिया गठबंधन की सरकार बनने के बाद 20 दिनों के अंदर प्रदेश के हर सदस्य को सरकारी नौकरी देने का अधिनियम लाया जाएगा.

दीदियों को स्थाई किया जाएगा और उन्हें सरकारी कर्मचारी का दर्जा दिया जाएगा. उनका वेतन 30,000 प्रतिमाह निर्धारित किया जाएगा.

## पाक ने बांग्लादेश को कराची-बंदरगाह इस्तेमाल करने का दिया ऑफर

**इस्लामाबाद, 28 अक्टूबर.** भारत के साथ तनातनी के बीच पाकिस्तान ने बांग्लादेश को कराची बंदरगाह का ऑफर देकर बड़ा डिप्लोमेटिक दांव चला है. भारत और बांग्लादेश के बीच लगातार खराब होते संबंध से दोनों देशों के द्विपक्षीय कारोबार बुरी तरह से प्रभावित हुए हैं. ऐसे में पाकिस्तान ने ढाका के साथ अपनी दोस्ती बढ़ाकर एक नया रास्ता निकाला है. पाकिस्तान ने बांग्लादेश को एक व्यापारिक लाइफलाइन देने की कोशिश की है और जूट उत्पादों और अन्य वस्तुओं के निर्यात के लिए अपने कराची बंदरगाह के इस्तेमाल की पेशकश की है.

**तोहफा** आयोग 18 महीनों में देगा रिपोर्ट, केंद्रीय कर्मचारियों के लिए खुशखबरी

# आठवें वेतन आयोग के गठन को केंद्र की मंजूरी



न्यायाधीश रंजना प्रकाश देसाई आयोग की अध्यक्ष होंगी.

**नई दिल्ली, 28 अक्टूबर (वार्ता) सरकार ने केंद्रीय कर्मचारियों के वेतन और भत्तों में संशोधन की सिफारिशों के लिए मंगलवार को आठवें वेतन आयोग के गठन के साथ-साथ उसके काम के दायरे और शर्तों को भी मंजूरी दे दी. आयोग को अठारह महीने में रिपोर्ट देनी होगी.**

प्रधानमंत्री के अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की बैठक के बाद सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि उच्चत्तम न्यायालय की पूर्व न्यायाधीश रंजना प्रकाश देसाई आयोग की अध्यक्ष होंगी. भारतीय प्रबंध संस्थान बेंगलुरु के प्रोफेसर पुलक घोष को आयोग का अस्थाई सदस्य बनाया गया है और पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के सचिव पंकज जैन इसके सदस्य सचिव होंगे.

आयोग 18 महीने में अपनी सिफारिशें देगा और जरूरी होने पर सरकार को अंतरिम रिपोर्ट भी दे सकता है. मंत्रिमंडल की बैठक के बाद जारी एक आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार, आयोग अपनी रिपोर्ट तैयार करते समय देश की आर्थिक स्थिति और राजकोषीय सुझबूझ का ध्यान रखेगा, जिससे सरकारी खजाने में विकास और जनकल्याण के लिए संसाधनों की पर्याप्त उपलब्धता भी बनी रहे. आठवें वेतन आयोग की सिफारिशें पहली जनवरी 2026 से लागू किये जाने की उम्मीद है, क्योंकि हर दस साल में वेतन आयोग की सिफारिशें संशोधित की जाती हैं और पिछले वेतन आयोग की सिफारिशें एक जनवरी 2016 से लागू हुई थीं.

आयोग को सरकार की ऐसी पेंशन योजना के लिए वित्त के बारे में भी सिफारिश करने को कहा गया है, जिसमें कर्मचारियों को कोई अंशदान नहीं करना पड़ता है. आयोग अपनी सिफारिश करते समय राज्यों की राजकोषीय स्थिति पर भी ध्यान देगा, क्योंकि उन्हें भी केंद्रीय आयोग की सिफारिशों के आधार पर अपने कर्मचारियों और अधिकारियों के वेतनमानों में सुधार करने होते हैं. आयोग केंद्रीय उपक्रमों और निजी क्षेत्र में लागू वर्तमान वेतनमानों, अन्य लाभों और कार्य की शर्तों को भी ध्यान में रखेगा. सरकार ने आठवें वेतन आयोग के गठन की सैद्धांतिक मंजूरी इसी वर्ष जनवरी में दी थी.

# खौलते तेल में गिरा बच्चा

- दादी ने जलते तेल में हाथ डालकर बचाई जान
- बच्चे और उसकी दादी को अस्पताल में कराया भर्ती



**छतरपुर 28 अक्टूबर. बागेश्वर धाम दर्शन के लिए आए परिवार का दो साल का बच्चा खौलते तेल की कढ़ाई में गिर गया. पास में खड़ी बच्चे की दादी ने बिना कुछ सोचे-समझे अपनी जान की परवाह किए बिना कढ़ाई में हाथ डालकर बच्चे को बाहर निकाल लिया, लेकिन बच्चा बुरी तरह झुलस गया.**

वहीं दादी का हाथ भी जल गया. दोनों को तत्काल स्थानीय लोगों की मदद से जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्हें बर्न वार्ड में भर्ती किया गया है. घटना उस वक्त हुई जब परिवार समोसे खरीदने के लिए सड़क किनारे रुका था. इसी दौरान पास में दो बैल आपस में लड़ने लगे, जिससे हंगामा मच गया. दादी सरिता वैष्णव के हाथ से बच्चा राघव फिसलकर गर्म तेल की कढ़ाई में जा गिरा. परिवार राजस्थान के किशनगढ़ का रहने वाला बताया जा रहा है.

## एक नजर में



### ट्रम्प को नोबेल के लिए नॉमिनेट करेगा जापान

**टोक्यो.** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने मंगलवार को जापान की नई प्रधानमंत्री साने तकाइची से टोक्यो के अकासाका पैलेस मुलाकात की. इस दौरान ट्रम्प ने जापान को अमेरिका का सबसे मजबूत सहयोगी बताया. साथ ही जापान की हर संभव मदद का ऐलान किया. दोनों के बीच बैठक में ट्रेड और सिक्योरिटी के मुद्दे पर बात हुई. तकाइची ने घोषणा की कि जापान, अमेरिका की 250वीं वर्षगांठ के मौके पर अगले साल 250 चेरी के पेड़ भेंट करेगा. साथ ही ट्रम्प को अगले साल नोबेल पीस प्राइज के लिए नॉमिनेट भी करेगा. बता दें कि ट्रम्प सोमवार को जापान पहुंचे थे, जहां उन्होंने सम्राट नारुहितो से मुलाकात की.

### सड़कों किनारे विकसित की 670 जन सुविधाएं



**नई दिल्ली.** सड़क, परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने जन-केंद्रित बुनियादी ढांचे को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा है कि इसे ध्यान में रखते हुए देश भर में सड़कों के किनारे 670 सुविधाएं विकसित की गई हैं. गडकरी ने मंगलवार को भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के स्मार्ट सड़कों का भविष्य -सुरक्षा, स्थिरता और अनुकूलन विषय पर एक सम्मेलन को संबोधित किया. उन्होंने कहा कि देश में बुनियादी ढांचा जन-केंद्रित होना चाहिए, जिससे नागरिकों के लिए आराम हो और सबके लिए सुविधा सुनिश्चित की जा सके. उन्होंने कहा कि मंत्रालय का वर्तमान वार्षिक राजस्व 55,000 करोड़ रुपये से अगले दो वर्षों के भीतर बढ़कर 1.4 लाख करोड़ रुपये हो जाने का अनुमान है.



### तूफानी चक्रवात से 100 किमी प्रति घंटा की हवाएं

**नई दिल्ली/ अमरावती.** तूफानी चक्रवात मोन्था आंध्र प्रदेश के मछलीपट्टनम तट से टकराया. यहां 100 किमी प्रति घंटा तक हवा चली. लहरों से समुद्र के किनारों के कई घर गिर गए हैं. भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, बंगाल की खाड़ी के ऊपर बने मोन्था तूफान का केंद्र अभी आंध्र प्रदेश के मछलीपट्टनम से 20 किमी, काकीनाडा से 110 किमी और विशाखापट्टनम से 220 किमी दूर है. जो 17 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से बढ़ रहा है. ओडिशा से तूफान बुधवार सुबह को टकराएगा.

## गुस्ताखी माफ

